दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्ष :-04
अंक:-221
मुरादाबाद
02 December 2024
(Monday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने कहा- दहेज प्रथा पर कुठाराघात है सामूहिक विवाह योजना, 1209 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में

सीएम योगी ने कहा, आज 1209 जोड़ा विवाह के बंधन में बंध रहे हैं। यह युवक युवतियां समाज में फैले दहेज प्रथा को नकार कर इस योजना में शामिल होकर मिशाल पेश कर रहे हैं। ऐसे आयोजन प्रदेश के हर जिलों में आयोजित किया जा रहा है। पिछले सात साल में प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना से जुड़ कर 3 लाख 84 हजार नौ जोड़ा दहेज प्रथा को नकार कर जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक




समता का प्रतीक है तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है।सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड( खाद कारखाना ) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। सीएम योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनव्याही न रहे। इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है।अच्छी सरकार में होते हैं अच्छे कार्य- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और जिनके पास आवास नहीं तेज़ उन्हें आवास दिए। बीमारी के उपचार के लिए पांच लाख रुपये तक के इलाज लिए आयुष्मान कार्ड दिए। जबकि पहले घरों में शौचालय न होने से नारी गरिमा पर आंच आती थी। लकड़ी और कोयले के धुएं से निकलने वाली खतरनाक गैस से महिलाओं की आंख और फेफड़े खराब होते थे। आज हर घर सिलेंडर होने से यह दिक्कत दूर हो ही गई है, साथ ही सरकार दिवाली और होली में मुफ्त सिलेंडर दे रही है। सीएम ने कहा कि सरकार हर तबके को लाभान्वित कर रही है। श्रमिकों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं, निराश्रित, दिव्यांगजन आदि 1 करोड़ लोगों को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत 20 लाख बेटियों के स्वावलंबन के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज दिया गया है।ऐसा उत्सव जिसमें खुद मुख्यमंत्री कई जनप्रतिनिधियों संग आए- सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को एक ऐसा उत्सव बताया जिसमें मुख्यमंत्री खुद आए और साथ में कई जनप्रतिनिधि भी। उन्होंने कहा कि किसी एक शादी में उनके लिए समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व उत्सवी है जहां मुख्यमंत्री और कई जनप्रतिनिधि आए हैं। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में जुड़ने वाले युवा और उनके अभिभावक इसलिए भी भाग्यशाली हैं कि उनके विवाह का निमंत्रण स्वयं प्रशासन दे रहा है।समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों और उनके अभिभावकों को विवाह की शुभकामनाएं दीं। मंडप में मुख्यमंत्री की नजर जब वहां बराती बनकर आए कुछ बच्चों पर पड़ी तो वह मुस्कुरा उठे। उन्होंने उन्हें आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी और पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल जाएगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, खरगे बोले- सरकार खुद सदन स्थगित कर रही है

दिल्ली में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों ने जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे से पूछा कि, क्या कांग्रेस का कोई प्रतिनिधिमंडल संभल जाएगा? इस पर खरगे ने कहा कि, हां प्रतिनिधि मंडल जाएगा। संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्षी दल उत्तर प्रदेश सरकार पर हमलावर हैं। रविवार को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल संभल में लोगों से मिलने जाएगा। इससे पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने संभल जाने की कोशिश की थी। जिसे पुलिस ने रोक दिया था। दिल्ली में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों ने जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे से पूछा कि, क्या कांग्रेस का कोई प्रतिनिधिमंडल संभल जाएगा? इस पर खरगे ने कहा कि, हां प्रतिनिधिमंडल जाएगा।

संसद के समय से पहले स्थगित होने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम सदन नहीं चलने देते ये उनका( सरकार ) आरोप है। मेरा आरोप ये है कि 2 मिनट में कार्यवाही स्थगित होती है।

सरकार खुद स्थगित कर रही है। कभी आपने सुना है कि 5 मिनट में कार्यवाही स्थगित हो गई है? इतने लोग वहां चुन कर आए हैं उनकी बात सुने बिना कार्यवाही स्थगित होती है। ये उनकी गलती है हमारी नहीं। विपक्ष को विश्वास में लेकर सदन चलाना चाहिए।

## काशी में बोले डिप्टी सीएम: अच्छे काम पर हमारी आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाएगी, उनकों 72 हूरें मिलेंगी

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारे यहां बच्चा जब चलना सीखता है तो उसे अच्छी सीख दी जाती है। उसे बताया जाता है कि यदि पैर के नीचे चींटी आ जाए तो राम-राम बोलो।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम कोई अच्छा काम करेंगे तो हमारी आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाएगी। वह अच्छा काम करेंगे और ऊपर जाएंगे तो हूरें मिलेंगी। यह क्या बात हुई? हमारी संस्कृति से जुड़कर देखो और हमारे पदचिन्हों पर चलकर देखो।



उपमुख्यमंत्री शनिवार को काशी आए। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात की और कहा कि हमारे यहां बच्चा जब चलना सीखता है तो उसे अच्छी सीख दी जाती है। उसे बताया जाता है कि यदि पैर के नीचे चींटी आ जाए तो राम-राम बोलो। दूसरी तरफ ऐसी विचारधारा के लोग हैं, जिनके बच्चे तीन से छह महीने के होते हैं, तभी से खून खच्चर शुरू हो जाता है। अंतर बिल्कुल साफ है। सपा प्रमुख पर साधा निशाना, बोले- संभल की घटना की जिम्मेदारी लें- उपमुख्यमंत्री ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि संभल में हुई हिंसक घटना की जिम्मेदारी सपा प्रमुख को लेनी चाहिए। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जगह सपा प्रमुख उनके कृत्यों को छुपाने के लिए तरह-तरह के बयान दे रहे हैं। यह ठीक नहीं है। इसकी निंदा की जानी चाहिए। संभल की घटना में भी सपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। सपा में अपराधियों को संरक्षण मिलता है। उनका स्वागत किया जाता है। अब देश-प्रदेश की जनता सपा को जान गई है।जाति, क्षेत्र की बात करने वाले फूट डालकर वोट लेना चाहते हैं यदि हम सभी लोग एकजुट हो जाएं तो हमारे देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। जो लोग हमारे बीच जाति, क्षेत्र की बात कर रहे हैं, वह सिर्फ फूट डालकर वोट लेना चाहते हैं। सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उनका देश के विकास, लोगों के उत्थान से कोई मतलब नहीं है। इस मौके पर आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु%%%%, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, सुरेश सिंह, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, गौरव राठी, शैलेंद्र किशोर, अशोक राय समेत अन्य मौजूद रहे। लोहिया के लोग अब नहीं रहे, सिर्फ सैफई के लोग बचे- उपमुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कि अब लोहिया के लोग यहां नहीं रहे, केवल सैफई के लोग बचे हैं। लोकसभा के चुनाव में टिकट तो सैफई के लोग ले गए दूसरे यादव लोग भी नहीं थे। आज जो लोग संविधान की प्रति लेकर घूम रहे हैं, खुद उन्होंने संविधान की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## 'कांग्रेस लिखकर दे तो असम में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं', सीएम सरमा का बड़ा एलान



सरमा ने सवाल किया, मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस की पेशकश करके ही अब तक सामगुड़ी जीत रही थी। वह सामगुड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीता जा सकता है? असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व शर्मा ने कहा है कि अगर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन कुमार बोरा उन्हें पत्र लिखकर गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करें तो वह राज्य में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं। दरअसल मुस्लिम बहुल सामगुड़ी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान भाजपा पर गोमांस बांटने का आरोप लगा है। इस उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इस सीट पर पहले लगातार पांच बार कांग्रेस को जीत मिली थी। क्या बोले सीएम हिमंत बिस्व सरमा- असम के मुख्यमंत्री से जब शनिवार को जब कांग्रेस के आरोपों पर जवाब मांगा गया तो उन्होंने कहा कि सामगुड़ी सीट 25 साल तक कांग्रेस के पास रही। सामगुड़ी जैसे निर्वाचन क्षेत्र में 27,000 मतों के अंतर से हारना कांग्रेस के इतिहास की सबसे बड़ी शर्म की बात है। यह भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख के बीच रकीबुल हुसैन ने एक अच्छी बात कही कि गोमांस खाना गलत है, है न? उन्होंने कहा है कि मतदाताओं को गोमांस परोसकर कांग्रेस-भाजपा का चुनाव जीतना गलत है। असम सीएम ने कांग्रेस को घेरा- सरमा ने सवाल किया, मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस की पेशकश करके ही अब तक सामगुड़ी जीत रही थी। वह सामगुड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीता जा सकता है? सीएम सरमा ने कहा, मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गोमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि यह गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है कि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को गोमांस के बारे में बोलना चाहिए, बल्कि असम में इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। अगर हम ऐसा करते हैं, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। असम में कही गोमांस पर प्रतिबंध लगाने की बात- सामगुड़ी सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के दिप्लू रंजन शर्मा ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन के बेटे तंजील को 24,501 मतों के अंतर से हराया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह रकीबुल हुसैन के बयान को लेकर गोमांस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का रुख जानने के लिए उन्हें पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा, %मैं भूपेन बोरा को पत्र लिखकर पूछूंगा कि क्या वह भी रकीबुल हुसैन की तरह गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करते हैं, और अगर ऐसा है तो मुझे बता दें। मैं गोमांस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दूंगा। उल्लेखनीय है कि असम में गोमांस का सेवन गैरकानूनी नहीं है, मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के तहत हिंदू, जैन और सिखों की बहुसंख्या वाले क्षेत्रों तथा किसी मंदिर या वैष्णव मठ के पांच किलोमीटर के दायरे में मवेशी वध और गोमांस की बिक्री पर प्रतिबंध है।

## 'प्रजनन दर 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए, वरना...', मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट पर जताई चिंता



मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी समाज की जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान का हवाला देते हुए बताया कि जब किसी समाज की जनसंख्या ( प्रजनन दर ) 2.1 से नीचे चला जाता है तो वह समाज धीरे-धीरे पृथ्वी से लुप्त होने की कगार पर होता है। संकट न होने पर भी वह समाज नष्ट हो जाता है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या ( प्रजनन दर ) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता है। संकट न होने पर भी वह समाज नष्ट हो जाता है। इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए।

जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी समाज की जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।

संपादकीय Editorial

# Don't they remember 1971?

India's Foreign Minister S. Jaishankar will make a statement in both the houses of Parliament on the incidents of murderous attacks on Hindu minorities in Bangladesh and the destruction and burning of their temples. The ministry will also disclose the incidents in Bangladesh before the Parliamentary Standing Committee on Foreign Affairs. Is this attitude of the Indian government enough on the atrocities being committed by the fundamentalist group of Bangladesh and the Hindus? Shouldn't Prime Minister Modi talk in a strict tone to the head of the interim government there, Muhammad Yunus? Shouldn't Bangladesh be reminded of 1971? We don't know what diplomacy says, but we are concerned about the existence of Hindus there. Bengali Hindus are also basically 'Indians'. The worrying concern is that Yunus does not consider the current incidents and murders as 'Hindu atrocities'! The fearless crowds seen on the streets of Bangladesh, the slogans being raised to kill Hindus, the torture being inflicted by the army and police by barging into Hindu homes at night, the kidnappings and conversions being carried out, the way idols of gods and goddesses are being vandalised in temples, are these being done by Hindus themselves? Whether it is the Hindus of India or the Hindus living in Bangladesh, all are believers of Sanatani culture. It is the equal responsibility of Prime Minister Modi to protect their lives and religious freedom. This is not an internal matter of Bangladesh. Minister of State for External Affairs Kirti Vardhan Singh's statement in the Rajya Sabha that it is the responsibility of the government there to protect Hindus and minorities is absolutely wrong. The fundamentalists there want to make Bangladesh Hindu-free. They have also been making such announcements. Hindu professors have been forcibly expelled from local universities. If the government there remains silent and evades, will the Indian government also remain neutral? Perhaps the current generation of Bangladesh does not remember that India had a decisive role in making East Pakistan Bangladesh in 1971. If the Indian Army had not joined the movement of the then 'Muktivahini', then perhaps Bangladesh would not have been formed! This history should be taught to the fearless, unbridled fundamentalist group. The current generation of Bangladesh may not even remember that when 'Bangladesh' was being formed, there was hunger and poverty all around. During that period, it was 'ISKCON' that provided food to lakhs of people daily. In India too, about 12,000 Bangladeshis were fed every day. Even today, 'ISKCON' is running 77 temples in Bangladesh and has more than 75,000 followers. Then the famous sitar player Pandit Ravi Shankar, along with another foreign musician, performed a concert in New York, from which Rs 100 crore was raised for Bangladesh. Can Bangladeshis repay the price of that favor? Will the same ISKCON be labelled as 'terrorist' by the anti-Hindu group? It is a matter of satisfaction and we should be thankful to the court's right and wrong wisdom that the Dhaka High Court refused to ban ISKCON and rejected the government-backed petition. However, the Indian government has the greatest responsibility to ensure the safety of Hindus.

# Initiative to open the doors of knowledge, One Nation One Subscription Scheme approved

This initiative of the government will facilitate access to quality higher education and research for the youth of urban as well as rural areas. This new National Education Policy is in line with the goals of Developed India and National Research Foundation which will prove to be a game-changer for Indian education world and youth empowerment. The aim of this scheme is to expand access to research journals for those institutions. The Union Cabinet recently approved a new scheme called One Nation One Subscription (ONOS) with the aim of providing easy access to scholarly research articles and journal publications to students across the country. Through this scheme, about 1.8 crore students, teachers and researchers of the country will be able to get easy access to more than 13,000 e-journals published globally. The ONOS scheme will provide an opportunity to students, researchers and teachers living not only in major metropolitan areas but also in Tier 2 and Tier 3 cities to take advantage of the knowledge being created globally. Earlier, the governments of Germany and Uruguay had introduced equal national access to research material. In fact, scientific and educational progress can be achieved only when access to global knowledge is accessible. Research and development opens the door to a better life for all of us. India has been working to transform a labor-based economy into a skill-based economy in the last few years. During his Independence Day address on August 15, 2022, Prime Minister Narendra Modi talked about the important role of research and development in India's progress and added Jai Anusandhan after Jai Jawan-Jai Kisan-Jai Vigyan. This initiative of the government will facilitate access to quality higher education and research for the youth of urban as well as rural areas. This is in line with the goals of the new National Education Policy, Developed India and National Research Foundation, which will prove to be a game-changer for Indian education world and youth empowerment. The scheme aims to expand access to research journals for institutions that lack adequate resources. This platform is scheduled to be launched on January 1, 2025. This platform will have access to 13,000 journals published by 30 international publishers including Elsevier Science Direct (including Lancet), Springer Nature, Wiley Blackwell Publishing, Taylor & Francis, IEEE, Sage Publishing, American Chemical Society, American Mathematical Society, Oxford University Press, Cambridge University Press and BMJ Journals. Currently, there are ten different library associations under various ministries, which provide access to journals for higher education institutions under their administrative purview. Apart from this, different institutions subscribe to different journals. Subscription to scientific journals is an expensive affair. With the launch of ONOS, it will become very cheap. With all the journals available on a single platform, researchers will not have to wander. According to a data, India spent about Rs 1,500 crore on subscription to electronic and print journals in 2018. India's research publications grew by nearly 54 per cent between 2017 and 2022, more than double the global average (22 per cent), according to research insights database SciVal. India ranks fourth in research journal publications (1.3 million academic papers), just behind China (4.5 million), the US (4.4 million) and the UK (1.4 million), but when it comes to the impact of the research produced, India lags behind in the number of citations and ranks ninth in the world. India's R&D spending is among the lowest in the world, according to a study by government think tank Niti Aayog and the Institute for Competitiveness. Another obstacle to the country's innovation success is the low number of R&D personnel. According to the UNESCO Institute of Statistics, there are only 253 scientists or researchers per million population, which is much lower than developed nations. The private sector contributes less than 40 per cent of the gross expenditure on R&D, while it is more than 70 per cent in advanced countries. There are only 26 Indian companies in the list of top 2,500 global companies in terms of R&D spending in the world. Whereas the number of Chinese companies is 301. This gap needs to be bridged on a priority basis. There is no harm in learning from China to compete with it. Lessons should also be learnt from Israel, which has shown that despite being a small nation, sustainable development can be achieved by prioritising investment in R&D. Private companies in India invest mainly in sales and marketing and do not invest enough resources in R&D. This is the reason why Indian brands are not innovating, due to which Indian manufacturers are not making globally exemplary products and are not able to face the challenge of Chinese companies in the world market. Now the time has come to refocus on R&D for Make in India. India has all the ingredients to become a global driver of innovation, a strong market potential, an exceptionally talented population and a thriving culture of frugal innovation. What is needed is the right guidance to tap this mine of raw talent. A truly strong economy To become a successful nation, the country needs to have a long-term and meaningful knowledge system that powers the economy. The more intellectual property is created, the more jobs will be created.

# Local bodies surrounded by inefficiency, misuse of crores of rupees received in the name of development

akarmanyata se ghire sthaaneey nikaay, vikaas ke naam par milee karodon kee dhanaraashi ka durupayog shaharon kee anaginat samasyaon ka to kahana hee kya? dhanaarjan aur jeevikopaarjan ke lie log shaharon kee taraph bhaagate hain. shaharon kee betahaasha badhatee aabaadee se betarateeb hote aavaaseey kshetr atikraman ko janm de rahe hain. nagar nikaay jila prashaasan ya pulis prashaasan ke adhikaaree is par dhyaan nahin dete. ausat janata aur dukaanadaar donon ne apane makaan aur dukaan apane saamane kee sadak tak badha lie hain. daayee maanatee hai. isaka nateeja unhen aagaamee chunaavon mein bhugatana padata hai. mahaatma gaandhee aur lokanaayak jayaprakaash graam svaraaj kee avadhaarana ke purodha the, lekin sanvidhaan banaate samay use sveekaar nahin kiya gaya. 1992 mein sanvidhaan ke 73ven aur 74ven sanshodhanon dvaara graameen star par panchaayat aur shaharee star par nagarapaalika sarakaaron ko sanvaidhaanik maanyata evan adhikaar die gae, jisase gaandhee aur jepee ke sapane saakaar ho saken, lekin un sanvaidhaanik sanshodhanon ke 32 varshon baad bhee sthaaneey sarakaaren aisa kuchh nahin kar paee hain, jisase graameen aur shaharee janata ko raahat mil sake. sanvidhaan ke anuchchhed 243(chh) aur anuchchhed 243(ba) kramashah panchaayaton aur nagar paalikaon ko aarthik-vikaas aur saamaajik nyaay ke lie yojanaen banaane aur unhen laagoo karane ka adhikaar dete hain. sanvidhaan kee anusoochee-11 panchaayaton ko 28 aur nagar paalikaon ko 18 kshetron mein kaam karane ka adhikaar detee hai. aakhir isake baad bhee shaharon aur gaavon kee samasyaen kyon badhatee ja rahee hain? panchaayaten aur nagar paalikaen kendr sarakaar, raajy sarakaar aur kuchh baahy sroton se paryaapt dhan praapt kar rahee hain. aaj chhotee-chhotee panchaayaton ko bhee vikaas ke naam par karodon kee dhanaraashi bhinn-bhinn sroton se milatee hai, par usaka durupayog hota hai. panchaayat pradhaan apane ko minee mukhyamantree samajhane lage hain. anek gaanvon mein ve sarakaaree karmachaariyon aur bainkakarmiyon se saathagaanth karake vikaas ke lie aae us paise mein bhee hissedaaree vasoolate hain, jo kendr aur raajy sarakaaren anek lok-kalyaanakaaree yojanaon ke antargat seedhe gareebon ke janadhan khaate mein bhejatee hain. jitana bada vikaas ka bajat, utana hee bada bhrashtaachaar. is par koee ankush nahin lag pa raha hai, kyonki isamen raajaneetik aur prashaasanik gathajod hai. ab yah kisee se chhipa nahin ki sthaaneey chunaavon mein betahaasha paisa kharch kar janapratinidhi banane vaale vikaas aur kalyaan par dhyaan dene ke sthaan par apanee satta ka durupayog karake agale chunaav ke lie dhanasangrah karane mein lipt ho jaate hain. gaavon kee kaee samasyaon mein ek charchit samasya chhutta-pashuon kee hai, lekin use chunaav ke samay hee uchhaala jaata hai. kya kisee bhee panchaayat ne is samasya ke samaadhaan ke lie koee thos rananeeti banaee hai? uttar pradesh mein yogee sarakaar ne varsh 2023-24 mein 125 karod rupaye chhutta pashuon ke asthaee aavaas, bhojan aur aushadhi ke lie aavantit kie, par kya panchaayat sarakaaron ne is aavantit dhan ka sadupayog kiya, taaki samasya ka samaadhaan ho sake? unakee ruchi isamen rahatee hai ki is yojana se kitana dhan svayan ke lie nikala ja sakata hai. samay aa gaya hai ki is par vichaar kiya jae ki manarega jaisee yojanaen gaavon mein kyon rachanaatmak badalaav nahin la paeen? kuen banaana, taalaab nirmaan, saur oorja, shauchaalay nirmaan, pradhaanamantree aavaas aadi anek yojanaen gaavon ka svaroop badal sakatee hain, par panchaayat pratinidhiyon aur sarakaaree karmachaariyon kee usamen ruchi kahaan? kya kisee panchaayat ne gaanv mein khel-kood, khetee, udyog-dhandhe aur kaarobaar badhaane ke lie koee yojana banaee? ulate paraalee jaisee pradooshan badhaane vaalee naee-naee samasyaen hariyaana, panjaab aadi raajyon mein gambheer ho rahee hain. kya graam panchaayaton ka yah daayitv nahin ki apane-apane kshetron mein ise rokane ke upaay karen aur usaka vaikalpik vyaavasaayik samaadhaan khojen? shaharon kee anaginat samasyaon ka to kahana hee kya? dhanaarjan aur jeevikopaarjan ke lie log shaharon kee taraph bhaagate hain. shaharon kee betahaasha badhatee aabaadee se betarateeb hote aavaaseey kshetr atikraman ko janm de rahe hain. nagar nikaay, jila prashaasan ya pulis prashaasan ke adhikaaree is par dhyaan nahin dete. ausat janata aur dukaanadaar, donon ne apane makaan aur dukaan apane saamane kee sadak tak badha lie hain. paidal chalane vaalon ke lie keval sadak bachee hai, jis par do-pahiya aur chaar-pahiya vaahan tej raphtaar se chalate hain. aksar sadak par hee shaadee-vivaah aur dhaarmik kaaryakramon ka aayojan bhee hone laga hai, jise rokane-tokane vaala koee nahin. itana hee nahin, dheere-dheere log divaidar par bhee baithane, sone aur kapade daalane lage hain, jaise vah unake nivaas ka eksatenshan-kauntar ho. shaharon ke smaart hone ke baavajood kachare ka nistaaran vikaraal svaroop grahan kar raha hai. kendreey pradooshan niyantran bord kee ek riport ke anusaar desh mein ek laakh sattar hajaar tan kachara pratidin nik What to say about the countless problems of cities? People run towards cities to earn money and livelihood. The residential areas becoming haphazard due to the unbridled growing population of cities are giving rise to encroachment. The officials of the Municipal Body, District Administration or Police Administration do not pay attention to this. Both the average public and shopkeepers have extended their houses and shops till the road in front of them. According to the last census, there are about 6.40 lakh villages and 7,935 cities in all the states and union territories of the country. The people living here want solutions to their problems at the local level. The responsibility of solving most of the problems lies with the local governments i.e. panchayats and municipalities.

# मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा : ट्रक में घुसा ऑटो, दंपती समेत तीन की मौत...परिवार में मचा कोहराम

मुरादाबाद। शनिवार की रात पाकबड़ा इलाके में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।



जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रहा ऑटो सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक शीशपाल, उनकी पत्नी ओमवती, और उनके दोस्त दिलीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

# अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर कमाया पुण्य, ब्रजघाट और तिगरी गंगा में पूजा-पाठ

मुरादाबाद। अमावस्या पर रविवार को श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट और तिगरी गंगा में स्नान कर पुण्य कमाया। श्रद्धालु तड़के से ही गंगा में डुबकी लगाने के लिए गंगा तट पर पहुंचने लगे थे। उन्होंने गंगा



में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान कराए। तिगरी निवासी पंडित गंगाशरण शर्मा और बुध बाजार स्टेशन रोड निवासी पंडित दयानंद शर्मा के मुताबिक रविवार को मार्गशीष ( अगहन ) माह की अमावस्या थी। अमावस्या पर गंगा में स्नान कर दान करने का विशेष महत्व है। इसके चलते रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचे। ब्रजघाट और तिगरी में श्रद्धालुओं का जमघट हो गया। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उदघोष संग गंगा में डुबकी लगाई। गंगा मैया के जयकारे व हर-हर गंगे के उदघोष से ब्रजघाट व तिगरी गंगा तट गूंज उठे। गंगा में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान कराए। तड़के शुरू हुआ गंगा में स्नान का सिलसिला काफी देर तक का चलता रहा। दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला जारी रहा। हाईवे पर लगा जाम, एक घंटे तक फंसे रहे वाहन- अमावस्या पर नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। ब्रजघाट गंगा पुल पर लगे जाम में वाहन फंस गए। देखते ही देखते लंबी लाइन लग गई। पुलिसकर्मियों को जाम खुलवाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगने से वाहन रेंग रेंग कर गुजरते रहे।रविवार को अमावस्या होने के कारण ब्रजघाट गंगा में स्नान करने आए श्रद्धालुओं के कारण जाम लग गया। सार्वजनिक वाहनों से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को उतारने और चढ़ाने के लिए गंगा पुल पर वाहन रोकने पड़े। उधर, जो श्रद्धालु अपने वाहनों से आए थे, उन्होंने भी अपनी कारों, बाइकों को बेतरतीब तरीके से जहां तहां खड़ा किया। जल्दी निकलने के चक्कर में जहां मौका मिला, वहां से कोशिश की गई। ऐसे में हाईवे पर जाम लग गया। कुछ ही देर में गंगा पुल पर वाहनों की लाइन लग गई। जाम में फंसे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस कर्मियों ने बामुश्किल जाम खुलवाया। जिसके बाद वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बनी थी। इसका कारण वाहनों रफ्तार कम होने के कारण रेंग रेंग कर गुजरते रहे। पुलिस द्वारा व्यवस्था बनवाकर वाहनों को निकलवाया गया।

## किशोरी को मस्जिद में बनाया बंधक.. दुष्कर्म का प्रयास, मौलाना समेत दो पकड़े, लोगों ने काटा हंगामा

मुरादाबाद। गुन्नौर पुलिस ने मौलाना और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर किशोरी को बंधक बना दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। गुन्नौर के एक मोहल्ला की मस्जिद में मौलाना के भाई ने एक किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। मामले की जानकारी होने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया और किशोरी को बंधनमुक्त कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर मौलाना और उसके भाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है। नगर के एक मोहल्ला स्थित मस्जिद में मदरसा संचालित है। जहां मौलाना साजिद बच्चों को दीनी शिक्षा देता है। शुक्रवार को मौलाना के भाई मुजम्मिल ने मदरसे में पढ़ने वाली एक किशोरी को मस्जिद में ले जाकर बंधक बना लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया।आरोपी ने किशोरी को करीब तीन घंटे तक बंधक बनाकर अश्लील हरकत कीं। इसकी जानकारी मोहल्ले के लोगों को हुई तो सैकड़ों लोग मस्जिद में पहुंच गए और आरोपियों से किशोरी का मुक्त कराया। लोगों ने आरोपियों को जमकर पीटा।

# द ह्यूमैनिटी फाउंडेशन जाहिदपुर की जानिब से कराया गया शिक्षा क्रान्ति प्रतियोगिता का आयोजन

## परीक्षा में जनपद के विद्यार्थियों ने लिया भाग।

क्यूँ न लिखूँ सच -नाजिम हुसैन अंसारी

भगतपुर। रविवार को भगतपुर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज चांदपुर में, द ह्यूमैनिटी फाउंडेशन जाहिदपुर की जानिब से शिक्षा क्रान्ति प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में परीक्षा के लिए 405 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान माही पुत्री राकेश कुमार, द्वितीय स्थान प्रियांशी पुत्री प्रेमवीर सिंह, तृतीय स्थान मो आसिफ पुत्र राहत जान ने प्राप्त किया, वही टॉप 20 को स्पेशल व सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमे पुरस्कार पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, वही इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष फहीम अहमद ने बताया कि ये




परीक्षा हम विगत कई वर्षो से कराते आ रहे हैं, इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी और बोर्ड परीक्षा का डर खत्म करना है, ताकि बच्चों में आत्मविश्वास पैदा हो। हमारी संस्था का उद्देश्य हर घर शिक्षा जागृत करना है। ताकि आने वाला कल विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आए, नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, इस दौरान छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला,वही परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं नें अपने बारे में जानकारी देते हुए कहां उनका सपना पढ़ लिखकर आईएएस, पीसीएस, डॉक्टर, मास्टर बन समाज की सेवा करना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के मैनेजर मो रफ़ी, मुख्य अतिथि विशाल कुमार युवा कल्याण अधिकारी मुजफ्फरनगर, समाजसेवी रिज़वान वफ़ाती, इकराम सर, राजा राम सर, सतवीर सर, बलविंदर सर, दीपक सर , मुबारिक सर डॉ रिज़वान शाइस्ता जहां, आशु चौधरी, प्शरीफ अहमद सर आदि उपस्थित रहे।

# संभल हिंसा: न्यायिक आयोग की टीम अगले सप्ताह फिर आएगी, अफसरों और पीड़ितों के दर्ज करेगी बयान

मुरादाबाद। संभल बवाल की जांच के लिए न्यायिक आयोग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मस्जिद कमेटी और पुलिस अधिकारियों से जानकारी भी ली। टीम ने जामा मस्जिद और आसपास के इलाकों का मुआयना कर बवाल से जुड़े सवालों के जवाब मांगे। सोमवार को बयान दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी। न्यायिक जांच आयोग की टीम रविवार की सुबह 10.30 बजे संभल पहुंची। इसमें आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा और सदस्य पूर्व डीजीपी एके जैन शामिल थे। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन नहीं पहुंचे। आयोग अध्यक्ष औ सदस्य ने जामा मस्जिद पहुंचकर मस्जिद कमेटी से जानकारी ली। इसके बाद



जामा मस्जिद के उस इलाके में पहुंचे जहां 24 नवंबर को बवाल हुआ था। मस्जिद के आसपास घटनास्थल का मुआयना किया।जहां पुलिस और भीड़ में झड़प हुई थी मौके पर मौजूद एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बवाल की जानकारी बिंदुवार बताई। इसके बाद टीम नखासा तिराहा और हिंदूपुरा खेड़ा पहुंची। दोनों स्थानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोग की टीम को भीड़ के एकत्र होने और बवाल के बाद लौटने वाले रास्ते दिखाए। इसके टीम लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंची। वहां कुछ देर तक अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद रवाना हो गई। मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायिक आयोग की टीम ने अभी घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। सोमवार को टीम दोबारा आएगी और बयान दर्ज करने के साथ अन्य कार्रवाई पूरी करेगी। टीम द्वारा जो सवाल पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से किए गए उनका जवाब दिया है। मस्जिद कमेटी से भी टीम ने बात की है। मालूम हो 24 नवंबर को संभल जामा मस्जिद का सर्वे होने के दौरान बवाल हो गया था। इस बवाल में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसी मामले की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन हुआ है।टाइमलाइन सुबह 10.30 टीम संभल कोतवाली पहुंची। सुबह 10.40 बजे जामा मस्जिद के पीछे बवाल वाले स्थान को देखा। सुबह 10.55 बजे जामा मस्जिद में टीम दाखिल हुई। सुबह 11 बजे टीम मस्जिद से बाहर निकल आई। कोतवाली के लिए चली गई सुबह 11.15 बजे नखासा तिराहा पहुंची, 10 मिनट घटनास्थल देखा। सुबह 11.30 बजे हिन्दूपुरा खेड़ा टीम पहुंची। सुबह 11.45 तक घटनास्थल की जानकारी ली। सुबह 11.55 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस टीम पहुंची। दोपहर 12.30 बजे एएसपी कार्यालय के लिए टीम रवाना हो गई।दो महीने तक चलेगी जांच, घटना की तह तक पहुंचा जाएगा आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा ने संभल से जाते हुए मीडिया से कहा कि यह जांच अभी दो महीने तक चलेगी। घटना की तह तक पहुंचा जाएगा। अभी आयोग की टीम ने घटना की प्राथमिक जानकारी हासिल की है और घटनास्थल का मुआयना किया है। जिससे स्थिति को समझा जा सके। अभी तो अधिकारी व आम लोगों के बयान दर्ज होने के साथ ही अन्य कार्रवाई को पूरा किया जाना बाकी है। इसके चलते ही दो महीने का समय लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला सिपाही के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा, घटना CCTV में कैद...FIR दर्ज

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन इलाके में महिला सिपाही के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। अमरीन नाम की महिला सिपाही के साथ थाना सिविल लाइन क्षेत्र के चक्कर की मिलक में उस समय छेड़छाड़ की घटना हुई जब वो कही जा रही थीं। चौराहे पर खड़े 4-5 युवकों ने पहले तो फब्तियां कसी और फिर अश्लील बातें करते हुए महिला सिपाही को बाइक पर जबरदस्ती बैठने के लिए दबाव बनाने लगे। मना करने पर मारपीट शुरू कर दी और सड़क पर गिरा कर बेरहमी के साथ दबोच लिया। हंगामा और मारपीट होता देख सड़क से गुजर रहे लोगों ने बड़ी मुश्किल से महिला आरक्षी अमरीन को बचाया। लेकिन, इस मारपीट में उसे काफी गम्भीर चोटें आई हैं। पीड़िता सिपाही ने दबंगों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। दबंगो की पूरी करतूत वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसके आधार पर आरोपियो को जल्दी ही गिरफ्तार करने की बात सामने आई है।

### रेलवे को पड़ने लगी कोहरे की मार: 28 फरवरी तक 24 ट्रेनों का संचालन बंद, कंफर्म सीटों को लेकर मचेगी मारामारी

मुरादाबाद। कोहरे के कारण मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली 24 ट्रेनें एक दिसंबर से 28 फरवरी तक रद्द रहेंगी। ट्रेनों की कमी से यात्रियों में सीटों की मारामारी बढ़ने की संभावना है। रेलवे ने सतर्कता बढ़ाते हुए यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्थाओं की सलाह दी है। कोहरे के कारण मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली शहीद, जनसेवा, डबल डेकर एक्सप्रेस समेत 24 ट्रेनों के पहिये थम गए। रेलवे ने इन ट्रेनों को एक दिसंबर यानी रविवार से लेकर 28 फरवरी तक रद्द करने का निर्णय लिया है। लंबे समय तक इन ट्रेनों के रद्द होने से अब दूसरी ट्रेनों में सीटों को लेकर मारामारी मचेगी। जिसे लेकर रेलवे ने सतर्कता बढ़ा दी है। रद्द की गई ट्रेनों में काशी विश्वनाथ, काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से प्रति दिन 75 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें गुजरती हैं।24 ट्रेनें रद्द होने से यह संख्या घटकर 51 रह जाएगी। इनमें लंबे रूट की कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस, न्यूजलपाईगुड़ी-नई दिल्ली-न्यूजलपाईगुड़ी समेत अन्य गाड़ियां भी शामिल हैं। यह ट्रेनें की गईं रद्द-14617-18 बनमनखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 14606-05 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी एक्सप्रेस 14616-15 अमृतसर-लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस 14524-23 अंबाला-बरौनी-अंबाला एक्सप्रेस 12357-58 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस 12523-24 न्यूजलपाईगुड़ी-नई दिल्ली-न्यूजलपाईगुड़ी 15035-36 दिल्ली-काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस 15127-28 वाराणसी-दिल्ली-वाराणसी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 12583-84 आनंदविहार-लखनऊ-आनंदविहार डबल डेकर एक्सप्रेस 15059-60 लालकुआं-अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस 18103-04 अमृतसर-टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 15058-57 आनंदविहार-गोरखपुर-आनंदविहार एक्सप्रेस 12210-09 काठगोदाम-कानपुर-काठगोदाम साप्ताहिक एक्सप्रेस 15621-22 कामाख्या- आनंदविहार-कामाख्या एक्सप्रेस

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# गायत्री महायज्ञ की आज 30 नवम्बर को निकाली गई मंगल जल कलश यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच -घनश्याम प्रसाद शर्मा

मध्य प्रदेश पन्ना- अगस्त मुनी सिद्धनाथ आश्रम में तीन दिनों तक चलेगा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ गंज ग्राम के गुबडो देवी मंदिर से प्रारंभ होई कलश यात्रा 15 किलोमीटर दूरी तय करके



सिद्धनाथ मंदिर पहुंची विशाल कलश यात्रा एक समय था जब सिद्धनाथ आश्रम को कोई नहीं जानता था लेकिन शासन और स्थानीय लोगों के प्रयास से इस आश्रम को एक नाम और एक उद्देश्य प्राप्त हुआ जो की सभी कोई जानने लगा सिद्धनाथ अगस्त मुनी आश्रम में लोक जन कल्याण आध्यात्मिक ज्ञान लोगों की चेतना के विकाश समरसता के उद्देश्य से। गायत्री शक्तिपीठ शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल गायत्री परिवार के सहयोग से 1 दिसम्बर से 3 दिसम्बर 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया जा रहा है इसी तारतम्य में 30 नवम्बर को गंज ग्राम की गुबडो देवी मंदिर से मंगल जल कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीले वस्त्रों में महिलाएं शामिल हुई मिट्टी के जल कलश में जिसमें गायत्री मंत्र लिखा हुआ था जो कलश की शोभा बढ़ा रहे थे सभी महिलाएं कलश को शिर में धारण करके गंज सलेहा कटरा नयागांव पटना तमोली भ्रमण करते हुए 15 किलोमीटर की यात्रा कर सिद्धनाथ आश्रम पहुंचे जहां कलश यात्रा का पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया इस बड़ी कलश यात्रा में बच्चे युवा समाजसेवी जनप्रतिनिधि गुनौर विधायक डॉ.राजेश वर्मा भी शामिल हुए एवं सभी वर्ग के सनातन धर्म प्रेमी शामिल रहे 1 दिसम्बर को शांतिकुंज हरिद्वार के आचार्य विद्वानों द्वारा सुबह 8 बजे से 24 कुण्डीय यज्ञ शाला में देव पूजन एवं यज्ञाहुतियां कराई जाएंगी सायं 3 बजे से 6 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा का अयोजन किया जायेगा उक्त आशय की जानकारी देते हुए मनोज केशरवानी ने बताया कि बगैर जाति भेदभाव के यह धार्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है सभी वर्ग के लोग इस 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में भाग लेकर पुन्य लाभ ले सकते हैं पटना, कटरा, नयागांव, गंज ,सलेहा के स्थिनीय लोगों का इस महायज्ञ में बड़ा सहयोग किया जा रहा है। महिला पुरुष बच्चे युवा सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं यज्ञ को लेकर क्षेत्रीय लोगों में उत्साह बना हुआ है। एवं धर्म का वातावरण निर्मित है

# नेशनल प्रतियोगिता में चयन होने पर अर्पिता और प्रबल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

क्यूँ न लिखूँ सच

6ह्लद्ध डिस्ट्रिक्ट नेशनल शोटोकन कराते उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता का आजोजन गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुड़गांव देवी मंदिर में नेशनल शोटोकन और गायत्री इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किया गया है इसमें मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल , डीपीओ फर्रुखाबाद अनिल चंद्र , महिला थाना S H O पूनम ,किशोर न्याय बोर्ड से सुमन राठौर , और भोजपुरी एक्टर प्रतिष्ठा ठाकुर रहे




जिनके द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस प्रतियोगिता में लगभग दो सौ छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमे गोल्ड म्मेडल्स प्राप्त करने वालों बच्चो में क्रमश: अबुनाजीर ,दिशा भारद्वाज ,अध्या , सांवी , आयुष यादव ,अन्वी ,वंश , अहिल,अदनान ,काव्य , अलीशा। , अर्णव,आयुष ,शिवांश ,आदित्य गुप्ता गोल्ड सिल्वर मेडल्स प्राप्त करने वालों बच्चो में क्रमश: दिशू, जन्नत ,अदनान ,आराध्या ,अनिकेत ,वैभव ,अयांश , अर्पिता ,अंश , प्रिंस , आयुष , अर्णव सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वालों में क्रमश: अर्णव सिंह , गर्व गुप्ता ,अग्रिम , आन्या ,इनायत ,आर्यन सिंह , कार्तिक यादव , प्रबल ,धैर्य ,रुद्र ,मृतुजया , दिव्यांशु ,शौर्य गुप्ता, गरिमा , इति यादव , ड्रास्टी, श्रुति ,आर्यन ,अमृताश ,अथर्व आदि हैं महिला थाना स् ॥ ह्र ने कहा की आज के टाइम में सभी छा त्र ओं को जरूर ही करते सिखाना चाहिए जिससे वो अपनी रक्षा कर सके और उन्होंने आत्म रक्षा के लिए बच्चो को जागरूक किया सभी अतिथियों ने बच्चो की मेहनत को सराहना की उन्होंने कहा यह स्कूल पढ़ाई के साथ साथ खेल एक्टिविटी में भी बच्चो को प्रोत्साहन करता है इनके कोच पारस भारद्वाज ने कहा यह स्कूल बच्चो का शारीरिक विकास के साथ और मानसिक विकास भी करता है जिससे बच्चे फ्यूचर में आत्म निर्भर हो सके स्कूल के डायरेक्टर देवास अग्रवाल जी ने कहा की में बच्चो को आगे बढ़ाने ने उनकी तरक्की के लिए हर संभव प्रयास करूंगा DPO अनिल चंद्र ने कहा बच्चो ने bakai काफी मेहनत की है बच्चो को और महंत करना चहिए जिससे यह बच्चे आगे बदकर अपने जिले नाम रोशन कर सके । स्कूल के प्रधानाचार्य जी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन के इनके कोच को बहुत बहुत बधाई और में बच्चो से कहेंना चाहूंगा की बच्चे ऐसे ही और मेहनत करे ताकि आज डिस्ट्रिक्ट स्टर प्रतियोगिता में अपना नाम किया है आगे बडकर नेशनल और इंटरनेशनल स्त्तर पर भी अपना नाम कर सके मेरा आशिर्वाद है सभी बच्चो के लिए। सुमन राठौर जी कहा की कुछ बच्चे आज विजेता हुआ हैं और कुछ विजेता नही हुआ हैं लेकिन जो बीजे ता नही हुए हैं वो और प्रयास करे और जो विजेता हुए हैं उनको बहुत बहुत बधाई। प्रतियोगिता में अभया,कृष्ण गुप्ता ,पाखी सक्सेना , उमंग तिवारी और रेफरी पुष्कर भारद्वाज और टेबल ऑफिसर शौर्य प्रताप , दीक्षा रहे ।प्रोग्राम का संचालन हर्षितमिश्र ने किया नेशनल प्रतियोगिता में चयनित होने पर अर्पिता और प्रबल को एक स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथियों ने समामैंत किया और चयनित होने की शुभकामनाएं दी ।

# महंत रवींद्र पुरी बोले : पीएम मोदी लेंगे सनातन बोर्ड के गठन का फैसला, अखाड़ा परिषद भेजेगा प्रस्ताव

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि सनातन बोर्ड के गठन का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे। अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव शीर्ष नेतृत्व को भेजा जाएगा। रवींद्र पुरी ने पीएम मोदी और योगी की जमकर तारीफ की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि 26 जनवरी को महाकुंभ के दौरान एक धर्म संसद आयोजित की जाएगी। इसमें सभी चार पीठों के शंकराचार्य और 13 अखाड़ों के प्रमुखों सहित देश भर के प्रमुख साधु-संत संगम पर एकत्र होंगे। उन्होंने कहा, संसद एक सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव शीर्ष नेतृत्व को भेजा जाएगा। कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और उसके संवर्धन के लिए बोर्ड का गठन जरूरी है। कहा कि इस साल के महाकुंभ के लिए, योजना तीन साल पहले शुरू हुई थी, जिसमें भारत और विदेश से आने वाले भक्तों के लिए प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना शामिल था। उन्होंने कहा कि एक बार में 5,000 भक्तों को प्रसाद परोसने की व्यवस्था की गई है। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। इस बार टूटेंगे सभी रिकॉर्ड- रवींद्र पुरी ने कहा कि तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन का ऐसा परचम लहराया है कि देश विदेश की नजरें भारत पर आकर टिक गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन की परंपरा को बुलंद किया है। देश के ऐसे शीर्ष नेतृत्व ही दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को साकार कर सकते हैं। दिव्यता और भव्यता के लिहाज से इस बार का महाकुंभ सबसे अलौकिक होने जा रहा है, जिसमें पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त होने जा रहे हैं। नया गुरु नहीं, बनाते हैं गुरु भाई -अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने निरंजनी अखाड़ा के माहात्म्य के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि निरंजनी अखाड़ा के संत देव सेनापति कार्तिकेय का अनुसरण करते हैं। इसके अलावा यहां दीक्षा लेने के बाद सभी को गुरु भाई बनाया जाता है। यहां किसी को अलग से नया गुरु बनाने की कोई परंपरा नहीं है। हम सबके गुरु निरंजन देव जी हैं। तीन साल की मेहनत का श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रसाद- महाकुंभ की



तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की ओर से वर्षों पूर्व तैयारी शुरू हो जाती है। इस बार के महाकुम्भ को लेकर तीन साल पहले से ही योजनाएं शुरू कर दी गईं। यहां महाकुंभ में भक्तों के प्रसाद के लिए करीब तीन साल पहले से ही जरूरी संसाधन जुटाए जाने लगे। जिसमें देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और स्वादिष्ट प्रसाद का इंतजाम किया गया है। जिसमें पांच पांच हजार लोग एक पंक्ति में बैठकर महाकुंभ के पवित्र प्रसाद का आनंद लेंगे। 1008 कुंडीय यज्ञ, जड़ी-बूटियों की सुगंध से महक उठेगा समूचा महाकुंभ -अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि इस बार के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए साधु संत भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र सुगंधित जड़ी बूटियों के हवन से महक उठेगा। यहां सभी सनातनी एकत्र होने जा रहे हैं। महाकुंभ में दुनिया भर के संत महात्माओं का आगमन हो रहा है। जिसके लिए यज्ञ के माध्यम से संपूर्ण वायुमंडल को सुगंधित बनाए जाने की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे सनातन बोर्ड के गठन पर फैसला- अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को महाकुंभ में धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर के प्रमुख साधु संत हिस्सा लेंगे। यहीं से सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार होगा। जिसे केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हम चाहते हैं कि जो भी बोर्ड बने वह केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हो। साथ ही हमारी कोशिश है कि इस बोर्ड में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। 26 जनवरी को संगम की रेती पर चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़ों के प्रमुख संतों और अन्य धर्माचार्यों को आमंत्रित किया जाएगा।

## राम विवाहोत्सव की धूम: जानकी महल में पांच किलो सोने के आभूषण धारण करेंगे सीताराम, भगवान का रूप बढ़ाएगा आकर्षण

